माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1457 /प्रवेश /MSU/ 2023–24 दिनांक : 27-10-2023

प्रेस विज्ञप्ति

मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित B.P.Ed. पाठयकम में संत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों की नियमानुसार शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु 03, 04 व 05 अक्टूबर 2023 को जे0 वी0 जैन कालिज सहारनपुर के खेल प्रांगण में ट्रायल आयोजित किये गये। ट्रायल के आधार पर जॉची गयी शारीरिक दक्षता (Physical Fitness), खेल उपलब्धि (Sports achievement), शैक्षणिक भारांक (Academic Weightage), विश्वविद्यालय भारांक (University Weightage) तथा साक्षात्कार (Interview) के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर जारी की गयी। जिसके आधार पर दिनांक 13, 14 व 16 अक्टूबर 2023 को निर्धारित सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों /संस्थानों में प्रवेश किये गये। परन्तु कुछ अभ्यर्थियों का स्नातक (Graduation) का परीक्षा परिणाम उपलब्ध न होने के कारण प्रवेश नहीं हो पाया। कुछ संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके संस्थान में B.P.Ed. पाठयकम की कुछ सीटें रिक्त है। अतः छात्रहित में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार वरीयता सूची में सम्मिलित अप्रवेशित अभ्यर्थी महाविद्यालय/संस्थान जहाँ पर सीटें रिक्त हैं, में सीधे जाकर दिनांक 30 व 31 अक्टूबर 2023 को प्रवेश करा सकते है। सम्बन्धित महाविद्यालयों/ संस्थानों द्वारा दिनांक 31.10.2023 को ही विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर ऐसे सभी प्रवेशों को सम्पुष्ट (Confirm) किया जायेगा। प्रवेश देते समय यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाये कि अधिक मेरिट वाले अभ्यर्थी को छोडकर कम मेरिट वाले अभ्यर्थी का प्रवेश न किया जाये। अगर ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसका उत्तरदायित्व महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. विश्वविद्यालय वैबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक